## खास-खबरें

### रोजगार मेले से 72 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर



**रीवा।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मऊगंज में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 163 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 6 निजी कंपनियों ने इनमें से 72 युवाओं का चयन किया है। उप संचालक अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभा सिन्टेक्स लि. पीथमपुर धार में 5, ग्रेट गेलियन वेन्चर्स लि. (आईसेक्ट) पीथमपुर में 15, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा में 7, प्रगतिशील बायोटेक रीवा में 15, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में 14 तथा डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पूणे में 16 आवेदकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

### वाहन मालिकों से भुगतान प्राप्त करने का अनुरोध

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दलों को गंतव्य तक पहुंचाने तथा निर्वाचन सामग्री के परिवहन के लिए बड़ी संख्या में वाहनों का अधिग्रहण किया गया था। इन वाहनों की लंबित राशि का भुगतान किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने अधिग्रहीत वाहनों के मालिकों से किराये की राशि प्राप्त करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय को तत्काल बैंक खाते की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। बैंक खाते की जानकारी प्राप्त होते ही स्वीकृत भुगतान जारी कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को किया निलंबित

**रीवा ।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी हनुमना श्रीकांत त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। श्री त्रिपाठी को धान उपार्जन केन्द्र गौरी का नोडल अधिकारी बनाया गया था। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के समय श्री त्रिपाठी अनुपस्थित पाए गए साथ ही खरीदी केन्द्र में कई अव्यवस्थाएं मिली। व्यवस्थाएं ठीक न होने के कारण धान का उपार्जन बाधित हुआ। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत निलंबन की कार्यवाही की गई है।

निलंबन अवधि में श्री त्रिपाठी का मुख्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय हनुमना रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### समिति प्रबंधक व प्रशासन को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने सेवा सहकारी समिति गौरी के प्रशासन दुर्गेश मिश्रा एवं समिति प्रबंधक मनीष दहायत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अनुविभागीय अधिकारी हनुमना द्वारा गत दिवस सेवा सहकारी समिति गौरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के समय अनुपस्थित रहने के कारण बड़ी संख्या में कृषक तौल का इंतजार करते हुए पाये गये साथ ही केन्द्र में बिना सील व बिना स्टेक लगी बोरियां व्यवस्थित पायी गयी जिस पर कलेक्टर ने तीन दिवस में कारण बताओ नोटिस का जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

### कलेक्टर मऊगंज ने धान खरीदी केन्द्र गौरी का किया निरीक्षण

**रीवा।** मऊगंज जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से 2 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने हनुमना क्षेत्र का भ्रमण करते हुए उपार्जन केन्द्र गौरी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर उपार्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। खरीदी केन्द्र में कई अव्यवस्थाएं पाई गईं। खरीदी केन्द्र में दो दिन से आए किसानों के धान की तौल नहीं हो सकी थी। खरीदी केन्द्र में 10 हजार बोरियों में धान भण्डारित थी जिनकी सिलाई नहीं की गई थी। सिली हुई बोरियों की भी स्टैकिंग नहीं की गई थी। निरीक्षण के समय खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी अनुपस्थित पाए गए। खरीदी केन्द्र में धान के भण्डारण की भी उचित व्यवस्था नहीं पाई गई। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी श्री त्रिपाठी को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक मनीष दहायत तथा प्रशासक दुर्गेश मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# सामुदायिक भागीदारी से मध्यप्रदेश को टीबी से मुक्त करेंगेः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

रीवा

**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल कहा है कि टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। निक्षय शिविर अभियान सामुदायिक भागीदारी से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा।**



उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों और समाजसेवकों से आह्वान किया है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और हर टीबी मरीज तक जरूरी सहायता पहुंचाने में सहयोग करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के टीबी मरीजों की पहचान करने और उन्हें समय पर इलाज दिलाने में सहयोग करें। यदि किसी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन घटने जैसी शिकायत हो, तो उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, इसके लिए समय पर पहचान और उपचार महत्वपूर्ण है। सभी के समेकित प्रयास से टीबी मुक्त मध्य प्रदेश का लक्ष्य हम शीघ्र प्राप्त करेंगे। उन्होंने अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों, संस्थाओं, निक्षय मित्रों की सराहना की है। मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी (क्षय रोग) को समाप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए, एनजीओ, समाजसेवी संगठनों, और आम जनता से सक्रिय सहयोग की अपील की जा रही है। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में प्रदेश के 23 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने, रोग की पहचान, रोकथाम और उपचार को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान में टीबी की घटनादर में 80 प्रतिशत कमी लाने, मृत्यु दर में 90 प्रतिशत गिरावट और मरीजों के चिकित्सा व्यय को शून्य करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये नि-क्षय मित्रों, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों को शामिल कर सघन प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने टीबी के खिलाफ जागरूकता को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए विभिन्न रचनात्मक पहलें की हैं। सिवनी जिले में 'न्यू पहल' फाउंडेशन ने 400 मस्जिदों में उर्दू भाषा में जागरूकता सामग्री प्रदाय की है, जिससे समुदाय के हर वर्ग तक टीबी की जानकारी पहुंचे। मंदसौर में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर कमलेश भाटी ने एक शादी समारोह में टीबी जागरूकता का संदेश देकर समाज के बीच जागरूकता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी तरह, जबलपुर रेलवे स्टेशन पर लाखों यात्रियों को टीबी की जानकारी देने के लिए पोस्टर और फ्लेक्स लगाए गए हैं।

इसके साथ ही, दमोह जिले में निजी चिकित्सकों ने अपने मरीजों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए ओपीडी प्रिस्क्रिप्शन में टीबी जागरूकता के संदेश देने की पहल की है। सीधी जिले में स्थानीय बघेली भाषा में दीवार लेखन के माध्यम से सैकड़ों प्रेरक नारों को लिखा गया है, जो समुदाय के लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में मदद कर रहे हैं। दतिया में आईसीएमआर टीम ने जेल के कैदियों की हैंडहेल्ड एक्स-रे तकनीक से स्क्रीनिंग की, जबकि मंडला जिले के कार्यस्थलों पर शिविर लगाकर 417 मजदूरों की जांच की गई। इसी तरह, नीमच जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने टीबी मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराकर उनके समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कोशिश की है।



## अस्पताल भवनों का निर्माण समय सीमा में पूरा कराएंःकलेक्टर

रीवा

**कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत विभिन्न अस्पतालों के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की।**

कलेक्टर ने कहा कि सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के जारी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। सभी नवीन निर्माण कार्यों के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। जवा और सेमरिया में सिविल अस्पताल भवन का निर्माण लगभग पूरा हो रहा है। शेष कार्य पूरा करके आगामी मार्च माह तक इसे हैण्डओवर करें। जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए जिन स्थानों में दानपत्र से भूमि मिली है उनमें खसरे में स्वास्थ्य विभाग का नाम दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में जारी नवीन ओपीडी भवन के कार्यों में तेजी लाएं। जिला अस्पताल के समीप स्वीकृत क्षय रोग यूनिट भवन के साथ मलेरिया कार्यालय एवं डीपीएम का भी निर्माण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रहट, सीएम राइज स्कूल सेमरिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैकुण्ठपुर के निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, पुलिस हाउसिंग समिति के प्रतिनिधि एवं अन्य निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नरसिहंपुर : समृद्धि योजनांतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरसिहंपुर** मप्र जनअभियान परिषद की समृद्धि योजनांर्गत पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में दो दिवसीय प्रशिक्षण आवासीय सुविजिता होटल नरसिंहपुर में शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के ग्राम विकास प्रमुख श्री श्याम वनवाले भी मौजूद थे। अतिथियों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

पूर्व राज्य मंत्री श्री पटैल ने कहा कि वर्तमान कृषि रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के ज्यादा उपयोग करने से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके लिए किसानों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने बताया की पूर्व में किसान, कृषि एवं ग्राम वेदांत के सिद्धांत पर कार्य करते थे। वर्तमान विसंगति का कारण उस सिद्धांत के विमुख होना है। उन्होंने बताया कि लाभ या व्यापार के साथ परोपकार नहीं हो सकता है। पहले कृषि लाभ का धंधा नहीं थी, इसलिए परोपकार के कार्य होते थे वर्तमान में इसकी कमी आई है।

जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने परिषद की संरचना, विभिन्न गतिविधियों व योजनाओं और नवांकुर संस्थाओं की वार्षिक कार्ययोजना को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम और अंतिम व षष्ठम सत्र में विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**रीवा।** मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई रीवा द्वारा संचालित कंदैला ग्रामीण समूह जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगतिरत है। जिसके तहत 4 ब्लॉक के 109 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। योजना में ग्राम पंचायतों के समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर द्वारा योजना अंतर्गत वाल्व ऑपरेटर की नियुक्ति, उनके मासिक मानदेय का भुगतान, संग्रहित की गई नगद राशि को समिति के खाते में 25 दिसंबर तक जमा करना के संबंध में समीक्षा की गयी।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 4308 आवेदन पत्र हुए मंजूर

रीवा

**जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है।**

अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।



जिले में 15 दिसम्बर और 20 दिसम्बर को आयोजित शिविरों में कुल 6141 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 4308 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। 1710 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 121 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

## पर्यटकों के प्रवास से और समृद्ध होगा अमरकंटक का व्यवसाय

अनुपपुर

**नये साल के पहले धार्मिक और पर्यटन नगरी, माँ नर्मदा की पवित्र नगरी अमरकंटक में पर्यटन गतिविधि को बढ़ाने जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के दिशानिर्देशन में विविध साहसिक गतिविधियाँ प्रारंभ की गई है।**

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली जिले के अधोसंरचना विकास कार्य के साथ ही अमरकंटक को सजाने-संवारने के सार्थक व प्रभावी प्रयास कर रहे हैं। जिसके तहत ही अमरकंटक स्थित मैकल पार्क व मेला ग्राउण्ड में एडवेंचर गतिविधि प्रारंभ कर दी गई है, जिसका लाभ अमरकंटक में आने वाले पर्यटकों को मिलेगा। साथ ही अमरकंटक के मार्केट भी समृद्ध होंगे। अमरकंटक आने वाले पर्यटक भी अच्छा-खासा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।



साहसिक गतिविधि के रोचक पल बनेंगे पर्यटकों के लिए यादगार

अमरकंटक माँ नर्मदा के उद्गम के लिए जाना जाता है। धार्मिक व आध्यात्मिकता का अनुभव करने आने वाले लोगों के लिए अब एडवेंचर का रोचक अनुभव भी पर्यटकों को अमरकंटक में प्राप्त होगा। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली की सार्थक पहल से अमरकंटक में बनजी जंपिंग, हाट एयर वैलून, एटीवी वाहक, रोलर कोस्टर, मिकी माउस, पैरासेलिंग सहित लगभग 16 विविध साहसिक गतिविधि आयोजित किए जाने की शुरुआत हो चुकी है। अमरकंटक आकर पर्यटकों को जीवन भर के लिए यादगार पल मिलेंगे। अमरकंटक के सुन्दर वादियों में साहसिक गतिविधि से पर्यटकों को नई ऊर्जा मिलेगी। ये खूबसूरत यादें हमेशा पर्यटन की ताजगी देगा, जो जीवन भर के लिए यादगार पल भी होंगे।

अमरकंटक की हरी-भरी घाटियाँ और खुला नीला आसमान आपको ताजगी और नई ऊर्जा से भर देता है। यह जगह नए अनुभवों के लिए और खूबसूरत नजारे देखने के लिए बेहतरीन है। अगर आप पैरासेलिंग हाट एयर वैलून की साहसिक गतिविधि करते हैं तो यहाँ से अमरकंटक के खूबसूरत नजारे को आप अपने अनुभव में शामिल कर सकेंगे। यहां पैरासेलिंग व हाट एयर वैलून कर हवा में उड़ते हुए पूरी घाटी और नीचे के नजारे की खूबसूरती देख सकेंगे। नीचे का नजारा इतना खूबसूरत होता है कि आप इसे कभी भूल नही पाएंगे, यहां का दृश्य देखकर आपका मन खुश हो जाएगा।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 24 दिसम्बर को

अनुपपुर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत संरकार द्वारा प्रधान मंत्री जी की मंशानुसार पंच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी 2025 के मध्य नई दिल्ली में 28वा राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

जिसके तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव 24 दिसम्बर 2024 को सूर्या होटल अनूपपुर में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा विज्ञान मेला, कविता लेखन, पेंटिग, फोटोग्राफी एण्ड वर्कशाप, भाषण प्रतियोगिता, लोक नृत्य समूह, लोक गायन समूह में भाग लिया जाएगा। 28 वां युवा उत्सव के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियां कार्यक्रम माय भारत पोर्टल के माध्यम से की जावेगी तथा समस्त प्रतिभागियों का पंजीयन भी पोर्टल तथा पर किया जाना अनिवार्य है। पंजीयन नही होने पर प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग नही ले सकेगा। प्रतियागिता में भाग लेने हेतु अनूपपुर जिले का निवासी होना चाहिए। ऑफलाईन आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र/मार्कशीट, निवासी प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक आदि की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

**स्पेशल खबर** जिला पंचायत सामान्य सभा बैठक में विभिन्न विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन पर की गई चर्चा

# जिला पंचायत पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर अधिकारियों का कराया ध्यानाकर्षण

अनुपपुर

**जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.के. सोनी ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में निर्धारित एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने जिला पंचायत की सामान्य सभा में प्रस्तुत प्रस्तावों पर समय-सीमा में कार्यवाही किए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर तथा सदस्य श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री नर्मदा सिंह, श्री दरोगा सिंह, श्री रंजीत सर्राटी, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चर्मकार, श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, श्री रामजी रिन्कू मिश्रा सहित विभिन्न विभागों तथा जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह एवं उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मिकी राठौर ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यालयों के व्यवस्थाओं की



मॉनिटरिंग विधिवत रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा भी मुहैया कराया जाए। इस दौरान विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार अध्यक्ष जिला पंचायत ने शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा भौतिक रूप से सत्यापन करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत कराए जा रहे कार्यों की संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालय एवं छात्रावासों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी विभाग, खनिज विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों तथा उनके प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत के सामान्य सभा के सदस्यों के द्वारा जिले में संचालित खनिज विभाग के अंतर्गत खदानों तथा खदानों से प्राप्त हो रहे रोजगारों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर हुए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों को उठाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर चर्चा की। चर्चा के दौरान अधिकारियों ने विषय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की।

जनजाति कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में किए गए कार्य, सोलर लाइट कार्य, पीएम श्री विद्यालय के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम चिल्हारी एवं परसवार में कराए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सामान्य सभा के सदस्य द्वारा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।